# इस बार 13 माह का हिंदू वर्ष एक माह पवित्र पुरूषोत्तम महीना

## हिंदू नववर्ष 2080 का शुभारंभ 22 मार्च को, तिथि घट-बढ़ से त्योहारों पर असर

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर में बीते सालों की तरह इस साल भी हिंदू नववर्ष मनाने की तैयारियां खास तौर पर की गई हैं। हिन्दू नववर्ष पर विविध धार्मिक आयोजनों के साथ इस नव वर्ष के बारे में लोगों को जानकारी देना तथा अखंड भारत के इस नए साल के बारे में जागरूकता लाने का प्रयास हिन्दू संगठनों ने प्रारंभ कर दिया है। बीते वर्षों में हिन्दू नववर्ष को लेकर लोगों में भी जागरूकता बढ़ी है। हिंदू नववर्ष 2080 का शुभारंभ 22 मार्च को होने जा रहा है। साल 2023 में हिंदू नववर्ष 12 महीने की जगह 13 महीने का होगा। नए साल में सावन का महीना दो बार मनाया जाएगा अर्थात 59 दिनों का सावन माह होगा। इसके 30 दिन पुरुषोत्तम मास के रूप में मनाए जाएंगे। इसे पवित्र महीना माना जाता है। सावन चार जुलाई से प्रारंभ होकर 31 अगस्त तक चलेगा।




### सावन में आठ सोमवार

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार हिंदू नववर्ष को मात्र 10 दिन शेष हैं। हिंदू नववर्ष यानी हिंदू संवत्सर 2080 का शुभारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 22 मार्च से हो रहा है। नया साल धार्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व वाला होगा। खासकर भगवान भोलेनाथ के भक्तों के लिए नया साल पूजा-अर्चना के लिए शुभदायी होगा क्योंकि नए साल में सावन महीना 30 दिनों की बजाय लगभग 59 दिनों का होगा। हर साल सावन महीने में चार या पांच सोमवार पर विशेष पूजा होती है, लेकिन इस साल आठ सोमवार पड़ेगा।

### पर्व, त्योहारों में 15-20 दिन का अंतर

नए हिंदू संवत्सर में एक माह बढ़ने से कई पर्व और त्योहार इस साल की अपेक्षा आने वाले साल में 15-20 दिन बाद मनाए जाएंगे। सावन महीने के पहले पड़ने वाले पर्व, त्योहार इस साल की अपेक्षा 15 दिन पहले पड़ेंगे, वहीं सावन महीने के बाद पड़ने वाले पर्व, त्योहार 15-20 दिन बाद पड़ेंगे।

### तिथि के घटने-बढ़ने से पुरुषोत्तम मास

हिंदू संवत्सर के प्रत्येक महीने में दो पक्ष होता है, एक शुक्ल पक्ष और दूसरा कृष्ण पक्ष। 15-15 दिनों के इस पक्ष में कुछ तिथि दो दिन पड़ती है। इस तरह एक साल में 354 दिन होते हैं, जिसे चंद्रमास कहा जाता है। अंग्रेजी साल 365 दिनों का होता है। इस तरह अंग्रेजी और हिंदू नववर्ष में एक साल में 11 दिनों का अंतर आ जाता है। तीन साल में यह अंतर 33 दिनों का होता है, यानी एक महीना बढ़ जाता है। इसे ही अधिमास अथवा पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। इस मास में तीर्थयात्रा करने और भगवान की कथाओं का वाचन करने को विशेष महत्व दिया जाता है।

### अगले माह वर्ष का पहला सूर्य ग्रहण

इस साल 2023 में कुल 4 ग्रहण पड़ने वाले हैं जिनमें से दो सूर्य ग्रहण और दो चंद्रग्रहण होंगे। इस साल का पहला सूर्य ग्रहण खग्रास सूर्य ग्रहण होगा, जो कि ज्योतिष शास्त्र के नजरिये से बहुत ही खास माना जा रहा है। बता दें कि यह सूर्य ग्रहण अगले महीने यानी अप्रैल में लगेगा। जिसका असर सभी राशियों पर पड़ेगा और कुछ राशियों को इसके शुभ परिणाम मिलेंगे।

# रामनवमी पर हनुमान बाग धाम से निकलेगी भव्य श्रीराम रथ यात्रा



**जबलपुर,यशभारत।** संस्कारधानी के गढ़ा स्थित श्री अवधेश्वर राजाराम मंदिर हनुमान बाग धाम से रामनवमी के शुभ अवसर पर भव्य श्रीराम रथ यात्रा निकाली जाएगी। हनुमान बाग धाम के संस्थापक धर्म विभूषण पंडित ब्रजेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मार्च 2023 दिन गुरूवार को शाम 5 बजे से मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के जन्म उत्सव पर श्रीराम रथ यात्रा का आयोजन किया गया है। ज्ञातव्य हो कि इस रथयात्रा का यह आठवां वर्ष है। सर्वप्रथम सम्पूर्ण राम दरबार के गर्भगृह में विराजित भगवान राम के विग्रह स्वरूप का अभिषेक, पूजन किया जाएगा तत्पश्चात् भगवान श्रीराम रथ यात्रा के रूप में नगर भ्रमण करने के लिए निकलेंगे। जिसमें श्रीराम रथ के साथ अश्व दल, बैंड दल, धमाल पार्टी एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक चेतना हेतु झाकियों सम्मिलित की होंगी। रथ यात्रा श्री हनुमान बाग धाम से छोटी बजरिया, आनंदकुज, गढ़ा बाजार, पंडा मढ़िया, शाही नाका, संजीवनी नगर, गौतम जी की मढ़िया, गुलौआ चौक, शुक्ला नगर एकता चौक, बी.टी. तिराहा, छोटी बजरिया होते हुए हनुमान बाग धाम में पूर्ण होगी। श्रीराम रथयात्रा का स्वागत उपनगरीय गढ़ा क्षेत्र की विभिन्न दुर्गोत्सव समतियाँ, गणेश उत्सव समितियों एवं विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाएँ करेगी। हनुमान बाग धाम के संस्थापक धर्म विभूषण पंडित ब्रजेश मिश्रा महाराज जी एवं समिति पदाधिकारी डॉ. आशीष मिश्रा, सुधीर चौरसिया, अभय पचौरी, अवधेश पचौरी, मुकेश मिश्रा, आशु सेठी, नीरज सोनी, कपिल विश्वकर्मा, दीपक उपाध्याय, अंकित मिश्रा, मनोज अवस्थी, विजय पटेल, नवीन सोनी, अभिषेक शुक्ला, रवि सेन, अखिलेश चैरसिया, अजय पाठक आदि ने क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमियों से रथयात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

# पमरे में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**जबलपुर यशभारत।** केन्द्रीय चिकित्सालय पमरे जबलपुर के तत्वावधान में प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ0एच के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में, पश्चिम मध्य रेलवे में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में केंद्रीय चिकित्सालय में 40 वर्ष से अधिक आयु वाले रेल अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया जिसमें मुख्यालय में विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में प्रथम चरण में सामान्य प्रशासन, लेखा विभाग, इंजीनियरिंग, परिचालन, वाणिज्य, कार्मिक, निर्माण, चिकित्सा एवं रेल सुरक्षा बल विभाग में कार्यरत 40 साल से ऊपर आयु वाले कुल 58 रेल अधिकारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शुक्रवार को आयोजित एक अन्य शिविर में जबलपुर मंडल के न्यू कटनी जंक्शन, पिपरिया में भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। उप मण्डल चिकित्सालय एनकेजे पर मण्डल चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्मित श्रीवास्तव, दंत चिकित्सक डॉ. उपासना स्थापक और चीफ मैट्रन श्रीमती विभा ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने अस्पताल की सभी महिला कर्मचारियों का बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए स्वागत और अभिनंदन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतर्राष्ट्रीय एबिलिम्पिक में भाग लेने दिव्यांग रजनीश फ्रांस रवाना



**जबलपुर, यशभारत।** फ्रांस के मेट्ज शहर में 22 से 26 मार्च तक होने वाली अंतर्राष्ट्रीय एबिलिम्पिक प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये दिव्यांग प्रतिभागी रजनीश अग्रवाल जबलपुर से रवाना हुए। रजनीश एबिलिम्पिक में वेब पेज डिजाइनिंग एवं प्रोग्रामिंग प्रतिस्पर्धा में भाग लेंगे। आयुक्त निश्क्तजन कल्याण संदीप रजक, सामाजिक न्याय के अधिकारी, जन-प्रतिनिधि, परिजन और गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएँ दी। आयुक्त संदीप रजक ने बताया कि रजनीश अग्रवाल मध्यप्रदेश के गौरव हैं। उन्होंने वर्ष 2016 में भी इसी प्रतियोगिता में विश्व में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। उस प्रतियोगिता में 16 देशों के प्रतियोगी शामिल हुए थे। श्री अग्रवाल ने इंटरनेट और इंजीनियर मित्रों की मदद से वेब पेज तैयार करने में विश्व की आधुनिकतम तकनीक अपनाई है। स्किल बेस्ड अंतर्राष्ट्रीय एबिलिम्पिक हर 4 साल में फ्रांस में होती है। इलेक्ट्रॉनिक ब्रांच से इंजीनियरिंग करने के बाद रजनीश ने एमबीए किया और स्वयं का कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर भी संचालित करते हैं।

### समय पर बकाया करों का भुगतान कर जबलपुर को बनाएँ सशक्त - महापौर

**जबलपुरयशभारत।** नगर निगम द्वारा संचालित राजस्व वसूली अभियान के संबंध में संस्कारधानी के सभी सम्माननीय करदाताओं से महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', अध्यक्ष रिंकू विज, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, राजस्व प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य जितेन्द्र सिंह ठाकुर एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने अपील करते हुए कहा है कि संस्कारधानी को सशक्त एवं समृद्ध बनाने सभी करदाता नगर निगम को समय पर बकाया करों की राशि का भुगतान करें। क्योंकि आप सभी के सहयोग से ही संस्कारधानी समृद्ध एवं सशक्त बनेगी और शहर में चारों तरफ प्रचलित एवं प्रस्तावित विकास कार्यो को गति मिलेगी। महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने करदाताओं से आग्रह किया है कि 1 अप्रैल 2023 से पहले सम्पत्तिकर और जलकर की राशि जमा कर 8 प्रतिशत लगने वाले अधिभार से बचें। उन्होंने असुविधा एवं अधिभार से बचने के लिए सभी करदाताओं से नगर निगम के समस्त करों का समय पर भुगतान करने की विनम्र अपील की। उन्होंने सुविधा के बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि सम्माननीय करदाता अपना टैक्स घर बैठे ऑन लाइन भी जमा कर सकते हैं इसके लिए करदाता को 222.द्वश्चद्गठ्ठड्डद्दड्डह्य्श्चड्डद्यद्बद्मड्ड.द्ग्श1.ढ्ढठ्ठ उपयोग करना होगा। सभी करदाता इस सुविधा का घर बैठे लाभ उठा सकते हैं।



### मुज़म्मिल हुसैन सनद व इनामात से सम्मानित

जबलपुर, यशभारत। छावनी क्षेत्र सदर की 128 साल पुरानी ऐतिहासिक जामा मस्जिद में मदरसे से मुकद्दस कुरआन पाक की तालीम हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को सनद, कलाम पाक व दीगर इनामात देकर नवाज़ा गया. इस मौके पर श्रीमती शबाना व पत्रकार तालिब हुसैन हुसैन के बेटे मुहम्मद मुज़म्मिल हुसैन सहित 47 छात्र छात्राओं को नाज़रा मुकम्मल करने पर सनद व ढेरों उपहार से सम्मानित कर उनकी हौसला अफ़ज़ाई की गयी। मुतवल्ली अब्दुल शफ़ीक कुरैशी, इमाम जामा मस्जिद हाफ़िज़ कारी मकसूद अहमद व हाफ़िज़ सलीम ने मदरसे के छात्र छात्राओं को इनामात दिए. जलसे की निज़ामत मुहम्मद अमजद ने की. जलसे में मुहम्मद अकबर खान सरवर, अकबर सिद्दीकी, अयूब खान, साजिद अली, मुहम्मद इदरीस राईन, ज़ाकिर खान, मुहम्मद फ़िरोज़, परवेज़ पापे, हलीम भारती, इनायत अली आदि की मौजूदगी काबिले जिक्र रही.।



# कवि राजशेखर के श्लोकों पर काव्य प्रतियोगिता का समापन



**जबलपुर,यशभारत।** रादुविवि एवं श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के तत्वाधान में अखिल भारतीय राजशेखर समारोह के द्वितीय दिन श्लोक वाचन प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती का दीप प्रज्ज्वलन एवं राजशेखर जी का माल्यार्पण कर किया महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी जी ने स्वागत भाषण देते हुए श्लोक वाचन प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डाला।श्री शरदचंद्र पालन जी ने विद्यार्थियों को शुभकामना संदेश दिये।

संयोजक राधिका प्रसाद मिश्र ने शुभकामना संदेश देते हुए श्लोक वाचन की उपादेयता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यू एस दुबे, अध्यक्ष सुरेश मिश्र विचित्र जी ने छात्रों को शुभकामना संदेश दिये। कार्यक्रम के संयोजक डॉ आनंद सिंह राणा ने राजशेखर की रचनाओं एवं संस्कृत के महत्व के बारे में छात्रों को संबोधित किया। काव्य प्रतियोगिता राजशेखर के निर्धारित श्लोकों पर आधारित रही। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ बीएल आर्मो ,डॉ शिवकुमार व्यास एवं श्री अभिमन्यु जैन जी रहे प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हरिराम ब्रह्मभट्ट ( महाकोशल महाविद्यालय ),द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से मनीष पाठक ( रादुविवि )एवं सौरभ कुमार पटेल (रादुविवि), तृतीय ज्योति केवट (श्रीजानकीरमण महाविद्यालय) एवं मीनू मालवीय (महाकोशल महाविद्यालय), सांत्वना पुरस्कार आकाश तिवारी (रादुविवि) को मिला। इस अवसर पर गणमान्य अतिथि के रूप में राज सागरी, डॉ जया शुक्ला, सरिता यादव, डॉ शक्तिसिंह मंडलोई, डॉ अखिलेश मिश्रा की उपस्थिति रही। श्रीमती नीना चौबे, मुकेश श्रीवास्तव ,श्री मनोज चौरसिया ,श्री हेमंत सोंधिया, सुश्री मीनाक्षी लोधी,सुश्री अनुपमा पाठक, श्री संजय पांडे , श्री गोपाल रैकवार एवं भूपेंद्र अहिरवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समस्त कार्यक्रम का कुशल संचालन सुश्री काजल मानेक ने किया एवं आभार डॉ गंगाधर त्रिपाठी ने किया। समारोह में विभिन्न महाविद्यालयों से प्रतिभागियों ने भाग लिया।



### जैन शिक्षक परिवार ने खेली ज्ञान की होली

जबलपुर, यशभारत। जैन शिक्षक परिवार जबलपुर के द्वारा आचार्य विद्यासागर जी के परम प्रभावी शिष्य पूज्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी मुनिराज के सानिध्य में नीतिवाक्य अमृत ग्रंथ पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर नसिया जी शहपुरा में परिचर्चा हुई। पूज्य महाराज श्री ने अपनी दिव्य देशना में बताया की जैन धर्म में धार्मिक के साथ नैतिक एवं राजनीतिक शिक्षा भी नीति वाक्य अमृत अंत में आचार्य सोमदेवसूरी ने दी है जो श्रावको को जीवन जीने की कला सिखाते हैं। इस अवसर पर शहपुरा भिटोनी जैन समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन महामंत्री अमित जैन ,मंत्री प्रकाश जैन पावला एवं जैन शिक्षक परिवार के अध्यक्ष सुनील जैन, मंत्री सुरेंद्र जैन, संरक्षक डॉ संध्या जैन श्रुति, सांस्कृतिक प्रभारी अरुण जैन, राजेश गोयल, राजीव जैन ,चंद्रकांत जैन ,मनोज जैन अंकुर जैन जैन,श्रीमती नीतू जैन ,शशी जैन ,आभा जैन ,सोनम जैन, रवि कांता जैन, सरिता जैन आदि अनेक शिक्षक शिक्षिकाओ ने जीवन मूल्यों के सूत्रों को अर्थ सहित समझा, जाना और आत्मसात किया।



**प्रदीप ममता अध्यक्ष, साधना दिलीप सचिव, हेमंत सपना कोषाध्यक्ष**

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, महाकोशल विंध्य रीजन ने ली सेवा की शपथ

**जबलपुर,यशभारत।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप महाकोशल विंध्य रीजन का शपथ ग्रहण कार्यक्रम होटल समदड़िया इन बराट रोड में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, मुख्य अतिथि अखिलेश जैन , मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी कोषाध्यक्ष, शपथ विधि अधिकारी के रूप में राजेश जैन जी लॉरेल, पूर्व अध्यक्ष फेडरेशन , विशिष्ठ अतिथि मनोहर झांझरी ,कार्याध्यक्ष फेडरेशन , कैलाश चंद जैन अध्यक्ष पंचायत सभा, सत्येन्द्र जैन , अध्यक्ष पिसनहारी तीर्थ की गरिमामयी उपस्थिति रही। नवीन कार्यकारिणी के रूप में अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप ममता , सचिव श्रीमति साधना दिलीप जैन, कोषाध्यक्ष हेमंत सपना एवम समस्त महाकोशल विंध्य रीजन कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन एवम स्वागत नृत्य से हुई। इसी अवसर पर महाकोशल विन्ध्य रीजन के अंतर्गत 2 नवीन ग्रुपों की घोषणा एवं पदाधिकारियों की शपथ हुई। मंच संचालन विनय अनीता जैन द्वारा किया गया।

# एग्रीयूनीफेस्ट- 2023 बैंगलोर में जनेकृविवि के छात्र-छात्राएं करेंगी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये दी बधाई,22 सदस्यीय सांस्कृतिक टीम हुई रवाना**



**जबलपुर यशभारत।** । जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा की सद्प्रेरणा से ज.ने.कृ.वि.वि. छात्र एवं छात्राएं लगातार राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा एवं कला-कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी तारतम्य में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सांस्कृतिक दल यूनीवर्सिटी आफ एग्रीकल्चरल सांइस, बैंगलोर में अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालयीन सांस्कृतिक प्रतियोगिता ''युवा महोत्सव'' एग्रीयूनीफेस्ट- 2023 के लिये रवाना हुआ। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का 22 सदस्यीय दल 13 मार्च से 17 मार्च 2023 तक बेंगलोर में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक, ललित कला, एवं रंगमंच आदि की प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु शनिवार बैंगलोर प्रस्थान किया। विश्वविद्यालय सांस्कृतिक दल के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा ने सभी छात्र- छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए, उन्हें वि.वि. परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रदान की हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं वि.वि.सांस्कृतिक समन्वयक डॉ अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इस 22 सदस्यीय सांस्कृतिक दल में वि.वि. विभिन्न महाविद्यालयों के 12 छात्र एवं 10 छात्राएं सम्मिलित हैं। टीम मैंनेजर डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव एवं डॉ. सोनम अग्रवाल के नेतृत्व में छात्र-छात्राएं एग्रीयूनीफेस्ट-2023 में आयोजित होने वाली ललित कला, संगीत, रंगमंच, लोकनृत्य, साहित्यिक एवं प्रोसेशन की कुल 19 प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। डॉ. शर्मा ने बताया कि विगत दस वर्षों में ज.ने.कृ.वि.वि., सांस्कृतिक दल ने एक बार ओवर ऑल चैम्पियनशिप, 8 स्पर्धा चैम्पियनशिप, 104 स्वर्ण पदक सहित 200 से अधिक पदक विभिन्न एग्रीयूनीफेस्ट प्रतियोगिताओं में जीतकर गौरवशाली उपलब्धियां अर्जित की हैं। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा जी के सानिध्य में डॉ. जी.के कौतू, संचालक अनुसंधान सेवायें, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय, डॉ. पी.बी. शर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर, डॉ एस.के.पाण्डे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय, श्री व्ही.एन. बाजपेई, लेखा नियंत्रक, डॉ. अमित कुमार शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव, डॉ. सोनम अग्रवाल, टीम मैंनेजर इत्यादि ने उपस्थित होकर सभी छात्र-छात्राओं एवं वि.वि. सांस्कृतिक दल के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की।

## कर्मचारी जगत

# नियुक्ति दिनांक से मिले अध्यापक संवर्ग को वरिष्ठता

**जबलपुर, यशभारत।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यापक प्रकोष्ठ ने मांग की कि अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाए संघ के प्रांताध्यक्ष मुकेश सिंह ने बताया कि 01 जुलाई 2018 के पश्चात 12 एवं 24 वर्ष पूर्ण करने वाले अध्यापक / नवीन संवर्ग के शिक्षकों को आयुक्त लोक शिक्षण म.प्र. भोपाल के एक तुगलकी आदेश के द्वारा क्रमोन्नति वेतनमान दिये जाने पर रोक लगते हुए कहा गया है कि नवीन संवर्ग के लोक सेवकों को क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत किये जाने के जो आदेश जारी किये गये हैं उसे शासन के बगैर सक्षम निर्देश जारी हुए स्वीकृती आदेश नियामानुसार नहीं हैं, समान प्रशासन विभाग की स्वीकृति के कारण डालने से अध्यापक संवर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है। शासन द्वारा अध्यापक संवर्ग के 21 वर्षो की सेवाओं को दरकिनार करते हुए 01 जुलाई 2018 से आदेश को बताकर अध्यापकों में आक्रोश बढा रहा है। जहां पूर्व में शासन द्वारा स्पष्ट कहा गया था, कि नियुक्ति दिनांक की वरिष्ठता दिनांक होगी वहीं अध्यापकों की वरिष्ठता नजर अंदाज करने की जा रही है। संघ के मुकेश सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, सुनील राय, मनीष चौबे, मनोज सेन, श्याम नारायण तिवारी, राकेश दुबे, मनीष लोहिया, महेश कोरी, प्रणव साहू, विष्णु पाण्डे, आन्नद रैकवार, मो0 तारिख, धीरेन्द्र सोनी, गणेश उपाध्याय, विनय नामदेव, प्रियांशु शुक्ला, राकेश पाण्डे, विजय कोष्टी मनीष शुक्ला, सुदेश पाण्डे, संतोष तिवारी, सतीश पटैल, विजय कोष्टी, सोनल दुबे, देवदत्त शुक्ला, ब्रजेश गोस्वामी, नितिन शर्मा, संजय श्रीवास्तव, आदित्य दीक्षित आदि ने माननीय मुख्यमंत्री से मांग की है कि अध्यापकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाये तथा आयुक्त लोक शिक्षण का तुगलकी आदेश निरस्त किया जावे।

### कब मिलेगा अध्यापकों को क्रमोन्नति का लाभ

### वेतन विसंगती के चलते आशुलिपिकों को हो रहा आर्थिक नुकसान

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने बताया कि मध्य प्रदेश के विभिन्न विभागों में कार्यरत आशुलिपिकों के कार्य तो समान हैं पर वेतनमान समान नहीं है। वेतन विसंगती के चलते आशुलिपिकों को लगातार आर्थिक नुकसान सहना पड़ रहा है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यदि देखा जाए तो आशुलिपिकों के समकक्ष वेतन पाने वाले अधीक्षक 4200 ग्रेड पे और सहायक अधीक्षक 3600 ग्रेड पे के आधार पर वेतन पा रहे हैं। कुछ विभाग जैसे विधि विधायी विभाग, गृह विभाग आदि में शीघ्र लेखकों का वेतन 3600 ग्रेड पे के आधार पर है, पर अधिकतर विभागों को इससे अछूता रखा गया है जो कि सीधा सीधा भेदभाव है। जो कि संविधान के समानता का अधिकार का सीधा सीधा उल्लंघन है। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, दिनेष गौड़, शहीर मुमताज़, क्रिस्टोफर नरोन्हा, राकेष श्रीवास, स्टेनली नॉबर्ट, अफ्रोज खान, सुधीर पावेल, अफ्रोज खान,

डोरीलाल की चिंता......

# डीजे बज रहा, होली चल रही है



सभी खुश हैं। होली जल रही है। हुड़दंग चल रहा है। काहे की होली जल रही है ? क्यों जल रही है ? इसके पहले कब कब जली ऐसी होली ? इस होली में कौन जल रहा है ?
नाच चल रहा है। होली जल रही है। सभी झूम रहे हैं। मस्त हैं। डी जे की दिल दहलाती आवाज है। उसमें सबकुछ अनसुना है। कोई कितना भी चीख कर बोले – नहीं सुना जाएगा। केवल डी जे की आवाज सुनी जाएगी।
ये डी जे किसका है। ये डी जे एक नहीं है। डी जे अनेक हैं। पर उनकी आवाज एक है। अनेकता में एकता है। ऐसी एकता कभी नहीं देखी। सारे डी जे कह रहे हैं। होली है। तो होली है। हो ही रही है। आवाज इतनी तेज है कि कोई कहे कि नहीं ये होली नहीं है तो उसे सुनेगा कौन।
डी जे के सामने नाच जारी है। हजारों लाखों लोग डी जे की धुन पर नाच रहे हैं। सरकारी गैर सरकारी सब नाच रहे हैं। डंडा नाच रहा है। तोप नाच रही है। न्याय नाच रहा है। आयोग नाच रहे हैं। बुलडोजर नाच रहे हैं। होली है।
सौ भर्तियों के लिए दस लाख फार्म भरे जा रहे हैं। करो?ों रूपये की फीस ली जा रही है। पेपर आउट हो रहे हैं। नहीं हो रहे तो परीक्षा का परिणाम नहीं आ रहा। परिणाम आ रहा है तो इंटरव्यू नहीं हो रहा। इंटरव्यू हो गया तो चुने गये की जाइनिंग नहीं हो रही। जाइनिंग मांगो तो लाठियां पड़ रही हैं। नौजवान सिर फुटवाकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। दचेड़– दचेड़ कर मारे जा रहे हैं। मगर होली हो रही है। सब नाच रहे हैं। डी जे बजे जा रहा है। बजे जा रहा है। नौजवान कह रहे हैं भले ही हम भूखे मरें, नौकरी न मिले मगर डी जे अच्छा बज रहा है। ऐसा डी जे कभी नहीं बजा।
डाक्टर बनने की फीस, इंजीनियर बनने की फीस करोड़ों में पंहुच गई। मगर होली जल रही है। नौजवान और उनके मां बाप डी जे की धुन पर नाचे जा रहे हैं। कोई शिकायत नहीं –देश की सबसे बड़ी नौकरी डिलीवरी बॉय की है। डाक्टर इंजीनियर बनना सपना है। वो करोड़पतियों के लिए है। मगर कांवड़ यात्रा तो है। लो कांवड़ और निकल पड़ो और डी जे की जय बोलो।
करोड़ों खर्च करके बना डाक्टर करोड़ों नहीं कमायेगा तो क्या करेगा ? जब करोड़ों कमाना है तो डी जे की जय बोलेगा और डी जे की धुन पर नाचेगा। उसके करोड़ों कमाने की व्यवस्था डी जे करेगा। कार्ड बनाकर। आयुष्मान भव। बीमार पड़ो, अस्पताल जाओ और बिल बनवाओ। हम देंगे पैसा। फिर डाक्टर मरीज सब कहेंगे। होली है। डी जे बजता रहेगा। सब नाचते रहेंगे।
दुकानों में यूरिया नहीं है। किसान परेशान है। यहां से वहां दौड़ रहा है। फसल आ गई तो दाम नहीं है। सब्जियां सड़कों पर फेंक रहा है। खेतों में सड़ा रहा है। मगर डी जे पर नाच रहा है। होली है। जब होली है तो नाचो फिर शिकायत कैसी ? और शिकायत है भी कहां ?
प्रदेश पर कर्ज बढ़ रहा है। देश पर कर्ज बढ़ रहा है। मगर देश शान से आगे बढ़ रहा है। कभी कभी तो दुनिया की सबसे बड़ी इकानामी बनने से दो कदम ही दूर बचता है। नौकरी नहीं है। व्यापार ठंडा है। मगर देश दुश्मन से सुरक्षित है। और दुश्मन देश की जनता भूखों मर रही है। हर्ष की लहर है। बजाओ रे डी जे बजाओ। नाचो रे होली है।
मुफ्त मुफ्त मुफ्त, सब कुछ मुफ्त। खाना फ्री शादी फ्री। तीर्थयात्रा फ्री। सोने से मढ़े मंदिरों का तोहफा। हर प्रदेश हर शहर हर संभाग में फाइव स्टार मदिर में सीधे ईश्वर से साक्षात होने की सुविधा। इतना सबकुछ हो तो फिर बजने दो डी जे। होली है।
कारखाने बंद। रोजगार बंद। छोटे व्यापार बंद। दो हजार के नोट गायब। कारें बन रही हैं। कारें बिक रही हैं। देश खुशहाल है। इससे बड़ा प्रमाण क्या है ? डी जे बजाओ। खूब नाचो गाओ। धर्मध्वजा लहराओ। त्रिशूल तमंचे लहराओ। मंदिर मस्जिद करो। डी जे बज रहा है। होली जल रही है। उद्योग धंधे बंद हैं। उत्पादन घट गया है। निर्यात घट गया है। आयात बढ़गया है। मगर देश तरक्की कर रहा है। देशवासी खुश हैं। व्यापारी खुश हैं। डी जे बज रहा है। होली चल रही है।
कवि सम्मेलन हो रहे हैं। संगीत संध्या हो रही हैं। नाटक हो रहे हैं। फिल्म बन रही हैं। हर जगह डी जे बज रहा है। होली खेली जा रही है। सभी रंगों में सराबोर हैं। रंगीन रंगीन टोपियां हैं। एकदूसरे को पहनाई जा रही हैं। सबके उपर डी जे बज रहा है।
सामान्य संगीत कभी बजेगा या सबकुछ डी जे में डूब जाएगा।

डोरीलाल 'डीजेप्रेमी'

# वाहन चालक ने मजदूर युवती को बनाया हवस का शिकार

## होटल में ले जाकर की ज्यादती, घटना से क्षेत्र में हड़कंप

**जबलपुर, यशभारत। गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मजदूर युवती से दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी पेशे से वाहन चालक है जिसने अपनी मीठी मीठी बातों में पहले तो बंगलों में झाड़ू पोछे का काम करने वाली पीड़िता को फंसाया और फिर शहर घुमाने के वाहने उसे एक होटल में ले गया। जहां उसके साथ जबरन ज्यादती की।**



जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने शादी करने का आश्वासन देकर मामला शांत करा दिया। जिसके बाद आए दिन आरोपी मनमर्ची करने लगा। जिससे पीड़िता तंग आ गयी और परिजनों के साथ सीधे थाने पहुंची। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी वाहन चालक को तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बंगलों में मजदूरी करने वाली 23 वर्षीय युवती ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत देते हुए बताया कि क्षेत्र का ही 24 वर्षीय आरोपी पेशे से वाहन चालक है। जिसने उसे शहर घुमाने का बहना बनाकर उसका दैहिक शोषण किया। जब उसने शादी का दबाव बनाया तो मुकर गया और अब किसी और से विवाह कर लेने की बात कह रहा है।

### 4 साल से कर रहा मनमर्जी

पुलिस ने बताया कि पीड़िता का आरोपी वाहन चालक पिछले चार सालों से शोषण करता रहा। शहर के अनेक होटल और घर के आसपास पीड़िता को बुलाकर ज्यादती करता रहा और जब पीड़िता ने विवाह के लिए कहा तो घरवालों का बहाना बनाकर किनारे हो गया और फोन स्विच ऑफ कर दिया। प्रकरण दर्ज होने के बाद अब मुस्तैद पुलिस आरोपी वाहन चालक को दबोचने जगह जगह दबिश दे रही है।



# आरडीयू ने अतिथि विद्वानों के वेतन से काटे 8-8 हजार रूपए

## 9 साल पुराने कोर्स वर्क की गाइड लाइन बताकर काटा पैसा

**जबलपुर, यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रशासन ने कई अतिथि विद्वानों के वेतन से 8-8 हजार रुपये काट लिए हैं। जिससे उनके घर का बजट बिगड़ गया है। उनका कहना था कि वैसे ही वेतन कम है। उसमें भी अचानक 9 साल पुराने कोर्स वर्क की गाइड लाइन बताकर पैसा काट लिया गया। अतिथि विद्वान बताते हैं कि 8-9 वर्ष पहले जब वे विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे थे तब वे 2 क्लास के छात्रों को पढ़ाते थे। उस वक्त उन्हें कोई नियम कानून नहीं बताया गया। आज वे आज विवि में अतिथि शिक्षक हैं। इतने साल बाद वेतन से पैसा काट लिया गया।

### जो चले गए, उनसे कैसे करेंगे वसूली

2015-16 में यहां से कई विद्यार्थियों ने पीएचडी किया। लेकिन उनमें से अधिकांश विद्यार्थी ना विश्वविद्यालय में अतिथि शिक्षक नहीं है। क्या उनको ढूंढ कर की की जाएगी वसूली ? जब उनसे नहीं की जा रही है तो विवि में पढ़ाने वाले में अतिथि विद्वानों से क्यों वसूली की जा रही है? क्या उन पर यूजीसी का नियम लागू नहीं होता है ?

### ये नियम बताकर काटी गई राशि

विवि के अतिथि विद्वानों के मुताबिक वर्ष 2014-15 या उसके बाद जिन विद्यार्थियों ने पीएचडी किया था। उनको उस वक्त 45-45 मिनिट दो क्लास के छात्रों को पढ़ाने के लिये कहा गया था। विवि ने उसका भुगतान भी किया। जब वे यहां अतिथि विद्वान बन गए तो पहले किए को यूजीसी के नियम के विरुद्ध बता दिया गया। उसकी वसूली अब कर रहे हैं।

# ग्वारीघाट रंगपंचमी मनाने आए युवक की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** रंगपंचमी महापर्व पर ग्वारीघाट दर्शन करने पहुंचे युवक की तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। जिसके चलते युवक वाहन समेत हवा में दो फिट उछला और सिर के बल रोड पर गिरा, जिससे उसका सिर घटना स्थल में ही खुल गया था। दुर्घटना के बाद आनन फानन में युवक को एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसने दम तोड़ दिया। वहीं, घटना के बाद रोड के दोनों ओर ट्रेफिक जाम हो गया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति निर्यत्रित कर मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बादशा हलवाई मंदिर के पास देर रात मनीष रैकवार 29 साल निवासी घमापुर चांदमारी की तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गयी। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि मृतक मनीष रंगपंचमी पर्व पर मां नर्मदा के दर्शन करने आया था, हादसे के दौरान उसकी बाइक की स्पीड ज्यादा थी। जो सीधे डिवाइड से जा टकरा गया। घटना के दौरान अधिक रक्तस्त्राव होने से युवक की स्थित नाजुक थी, जिसे चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया।

कर्मचारी जगत...

# कृषि विश्वविद्यालय में आंदोलन की तैयारी

**जबलपुर , यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारी अधिकारी एवम शिक्षको मे अपनी समस्याओं को लेकर भारी असंतोष व्याप्त है। विश्वविद्यालय में पेशन तथा उससे संबंधित अन्य लाभों के भुगतान में हीला हवाली की जा रही है। मंहगाई राहत के एरियर्स जो माह अक्टूबर नवम्बर, 21 मई जून जुलाई 2022 अगस्त 2022 तथा नवम्बर दिसम्बर 22 समय पर पेंशन भुगतान नहीं होना, फरवरी माह का पेंशन भुगतान आज दिनांक तक नहीं हुआ है और आगे कब होगा कोई अता-पता नहीं है, जनकृविवि पेंशनर के पक्ष में माननीय न्यायालय मप्र ने छठवें वेतनमान से पेंशन भुगतान 01 जनवरी 2006 से देने के निर्णय पर शासन प्रशासन की खामोशी पेंशनर को आंदोलन के लिए बाध्य कर रहा है। इसीलिए जने.कृ.वि.वि पेंशनर एसोसिएशन ने आज दोपहर कार्यालय में एक बैठक आहूत की है। जिसमें आरके प्यासी, एम.एस. सिंह, डॉ.एन.एल. इदनानी. डॉ. डी.पी. महेरे, डॉ. डी. डी. शर्मा, आरएल पाण्डे, ए.के. कश्यप, जी.डब्ल्यू रत्नपारखी. बी.डी. रैकवार आदि ने विश्वविद्यालय के पेंशनरों की उपस्थिति का आग्रह किया है।

## टेबलेट चलाने वाईफाई सुविधा दूरभाष भत्ता दिया जाए

जबलपुर,यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने टेबलेट चलाने के लिए वाईफ ई सुविधा , दूरभाष भत्ता देने की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि शासकीय प्रायमरी स्कूलों के शिक्षकों को शासनादेश के अन्तर्गत आदेशित कर शिक्षकों से टेबलेट तो क्रय कराया गया। टेबलेट की ऑनलाईन प्रतिपूर्ति करायी गयी फिर बी.आर.सी कार्यालय द्वारा वेरिफिकेषन (सत्यापन) कराया गया। यह सभी प्रक्रिया एक तो परीक्षा के समय की जा रही है जिससे शिक्षकों को मानसिक रूप से परेशान तो होना ही पड़ रहा है साथ ही स्कूलों का अध्यापन कार्य भी प्रभावित हो रहा है वहीं दो माह से जब शिक्षकों का इंकम टेक्स कट रहा है वहीं उन्हे अपनी निजी किस्ते भी भरनी पड़ रही है ऐसे समय में 15 से 20 हजार खर्च कर शिक्षकों द्वारा टेबलेट खरीदे गये जिसमें से सिर्फ 10 हजार की राशि वापस की जाएगी। इन सभी प्रक्रिया में टेबलेट चलाने हेतु किसी प्रकार की दूरभाष भत्ता देने की चर्चा नहीं की गई जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

# बुरा न मानो होली है, यह कहावत अब शहर में सुनाई नहीं देती

**इस बार शहर में हर जगह प्राकृतिक रंग गुलाल नजर आए। जबरदस्ती रंग लगाने, कीचड़ फेंकने, छतों से पानी फेंकने जैसी घटनाएं इस बार कमोबेश शून्य रहीं। जिसके नतीजें में इससे जुड़े वाद विवाद न के बराबर हुये। फुहड़ता, हुड़दंग होली से दूर हो रही है, शेष रह गया है सिर्फ परम्पराओं, हर्ष उल्लास, प्रेम और सौहाद्र से भरा होली का त्योहार।**

संस्कारधानी में होली के त्योहार में आए इस सुखद बदलाव की चर्चा अब पूरे मध्य प्रदेश में की जा रही है।

### प्राकृतिक रंगों से हुआ प्यार...

कुछ वर्षों पहले तक जहां खतरनाक वैसमिकल युक्त रंगों से बाजार भरे रहते थे। आवारा युवा पेंट तक का इस्तेमाल होली में करने से नहीं चूकते थे। इस बार बाजार में सिर्फ प्राकृतिक रंग, गुलाल ही नजर आए। शहर में हर वर्ग और उम्र के लोग होली पर प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करते नजर आए।

### असमाजिक तत्वों पर लगाम...

कुछ बड़ी घटनाओं को छोड़ दें तो शहर में होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई। साम्प्रदायिक घटनाएं तो दूर, व्यक्ति विवाद की घटनाएं भी होली सुनाई नहीं दीं। पहले जहां होली के तीन पुलिस के लिये मुसीबत भरे रहते थे, तो इस बार होली पर पुलिस रिलेक्स मोड में हेलमेट चैकिंग और कहीं कहीं वसूली तक करते नजर आई। जानकारी का कहना है की इसकी प्रमुख वजह पुलिस की सक्रियता से अधिक शहर में आए सकारात्मक बदलाव हैं।




### कीचड़ मिट्टी कैमिकल से दूरी...

कीचड़ मिट्टी पानी का इस्तेमाल भी होली पर होना आम था। छतों से जबरदस्ती पानी फेंकना, राहगीरों पर रंग उड़ाना, कीचड़ आदि का उपयोग करना भी कुछ वर्ष पूर्व तक होली में आम बात थी। लेकिन अब ऐसी घटनाएं शहर में नजर नहीं आती। फुहड़ता और हुड़दंग की जगह शालीनता और उल्लास ने ली है।

### साम्प्रदायिक सौहाद्र की बनी मिसाल ......

मुस्लिम समाज के प्रमुख पर्व शबे बरात और होलिका दहन एक साथ एक ही रात में हुआ। दोनों पर्व एक ही समय पूरे हर्ष उल्लास एवं उत्साह के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाए गये। मामूली विवाद की घटनाएं भी कहीं नहीं हुई। जिसके लिये पुलिस प्रशासन और शांतिप्रिय शहरवासी दोनों बधाई के पात्र हैं।

# वीरेन्द्र सिंह वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में डिप्टी चेयरमेन होंगे



**जबलपुर, यशभारत।** नई दिल्ली में आगामी 15 से 25 मार्च तक होने वाली वर्ल्ड महिला बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के पश्चिम-मध्य रेल्वे में चीफ टिकिट इन्स्पेक्टर पद पर कार्यरत वीरेन्द्र सिंह ठाकुर (विक्रम एवार्डी) वर्ल्ड बॉक्सिंग चैम्पियनशिप की आयोजन समिति का डिप्टी चेयरमेन बनाया गया है। वर्तमान में बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया में आर.ओ. सी. सेक्रेटरी हैं, वीरेन्द्र सिंह इससे पूर्व तीन विश्व चैम्पियनशिप, तीन एशियन चैम्पियनशिप, तीन कॉमनवेल्थ खेलों में तकनीकी अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। आपकी इस सफलता पर सांसद राकेश सिंह, एडवोकेट जनरल प्रशांत सिंह, म.प्र. ओलम्पिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, अध्यक्ष म.प्र. बॉक्सिंग संघ संजय सेठ एवं जनरल सेक्रेट्री पश्चिम-मध्य रेल आशुतोष गर्ग ने बधाई दी ।

# गेहूं किसानों के पंजीयन का आंकड़ा 51 हजार पहुंचा

**जबलपुर . जिले में समर्थन मूल्य पर अनाज बेचने के लिए अब तक 52 हजार 644 किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत रकबा एक लाख 29 हजार 563 हेक्टेयर हो गया है। गेहूं सहित चारों फसलों की पंजीयन की तिथि समाप्त हो गई है। अब तक 50 हजार 889 किसानों ने गेहूं तो चना के लिए 9 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है।**

इस साल गेहूं के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या 51 हजार पहुंच गई है। शासन की ओर से सत्यापन कराने के बाद पात्र किसानों से गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी। गेहूं के साथ चने का समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिए किसानों की संख्या बढ़कर 9 हजार 300 हो गई है। जिले में मसूर की उत्पादकता अच्छी है। हालांकि ज्यादातर उपज खुले बाजार में बिक जाती है। लेकिन, समर्थन मूल्य पर भी किसान उपज बेचने के लिए पंजीयन करा रहे हैं। अब तक 936 किसानों ने मसूर और 596 किसानों ने सरसों बेचने के लिए पंजीयन कराया है।



### समितियों में ज्यादा पंजीयन

अभी तक जो पंजीयन हुए हैं, उनमें सबसे ज्यादा 34,980 पंजीयन किसानों ने खरीदी केंद्रों में कराए हैं। किसान ऐप का उपयोग करने वाले किसानों की संख्या 1884 है। कॉमन सर्विस सेंटर में 8 हजार 343, कृषि उपज मंडी में 20, एमपी ऑनलाइन में 5311 किसानों ने पंजीयन कराया है।

# हर्ष, उल्लास, सौहार्द्र और जायकों के अमित रंग भरने में कामयाब रही रंगयात्रा

## रंगयात्रा का जगह-जगह हुआ आत्मीय स्वागत

***जबलपुर, यशभारत। उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक विनय सक्सेना द्वारा रंगपंचमी के मौके पर आयोजित की गई विशाल रंगयात्रा शहरवासियों के दिलों पर पर्व की मौजमस्ती और आनंद की अमित छाप छोड़ने में पूरी तरह कामयाब रही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रंगयात्रा का भव्य शुभारंभ छोटे फुहारे से हुआ। जहां शहर की गुंजन कला सदन सहित विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक संस्थाओं के सदस्य बड़ी संख्या में एकत्र हुए और सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर यात्रा का सफर प्रारंभ किया। डीजे, ढोल, धमाल और बैंड की मनमोहक धुनों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।***

छोटा फुहारा से मिलौनीगंज चौक, कोतवाली, सराफा, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, लॉर्डगंज, सुपरमार्केट होते हुए यात्रा गोलबाजार पहुंची। इस दौरान रास्ते में जगहङ्कजगह शहर के विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक एवं आध्यात्मिक संगठनों ने मंच लगाकर रंगयात्रा में शामिल रंगयात्रियों का गर्मजोश स्वागत किया। यात्रियों पर फूल और गुलाल की वर्षा करने के साथ ही शरबत, छांछ, ठंडाई, जलजीरा, मंगोडे आदि स्वादिष्ट व्यंजनों से किया गया आत्मीय स्वागत व अगवानी ने आयोजन में शामिल लोगों के उत्साह को दोगुना कर दिया।*

*खास बात यह रही कि शहर के इतिहास में होली के मौके पर किये गये रंग गुलाल से भरपूर आयोजन रंगयात्रा में लोग अपने परिवार सहित शामिल हुए। रंगयात्रा में महिलाओं और युवतियों की तादात भी चर्चा का विषय रही। लोग अपने परिवार के साथ रंगयात्रा में शामिल हो सकें इसके लिये विधायक विनय सक्सेना द्वारा पहले से ही पुख्ता इंतजाम किए हुए थे। फूल गुलाल उड़ाते, मस्ती में नाचते गाते लोगों से भरपूर रंगयात्रा जब गोलबाजार मैदान पहुंची तो वहां भी बड़े पैमाने पर सभी के लिए चाट फुलकी सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजन और स्वादिष्ट भोजन का भारी इंतजाम किया गया था। इसके अलावा शहर के ख्याति लब्ध गायक मनीष अग्रवाल और प्रसन्न श्रीवास्तव के साथ बेजोड़ कलाकारों ने गीत संगीत का बेहतरीन ताना-बाना बुना और कमाल का समा बांधा। गोल बाजार में गीत संगीत के साथ ही लोगों ने तरह-तरह के व्यंजनों का स्वाद चखा और रंगपंचमी पर्व का भरपूर आनंद लिया।



रंगयात्रा आयोजन में पंडित वासुदेव शास्त्री, पंडित रोहित दुबे, पंडित तरुण चौबे, पंडित, मोहन चौबे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया, पार्षद अमरीश मिश्रा, अयोध्या तिवारी, गुड्डू नबी, अख्तर अंसारी, हर्षित यादव, कल्लन गुप्ता, कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनेक वरिष्ठ एवं सम्माननीय पत्रकारगण, सराफा एवं स्वर्णकार एसोसिएशन, जैन समाज, श्री गहोई वैश्य समाज, चौरसिया समाज के अलावा विभन्न व्यापारिक संगठनों और गुंजन कला सदन, महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स, श्री गोविंदगंज रामलीला समिति, आदि, अ.भा. क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत आदि ने बड़ी संख्या में शामिल होकर आयोजन को गरिमा का उच्च शिखर प्रदान किया वहीं इस बेहद सफल, अदभुत और इस भव्य आयोजन के लिये विधायक विनय सक्सेना व उनकी पूरी टीम के कर्मठ प्रयासों की दिल खोलकर सराहना की।

# रंगपंचमी पर अधिकारियों कर्मचारियों को महापौर ने दी बधाई



इस बीच आज रंगपंचमी पर्व को और अधिक रंग देने उत्तर मध्य विधान सभा क्षेत्र में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक विनय सक्सेना की अगुवाई में रंग यात्रा निकाली गई, जिसमें शहर के सभी सम्माननीय नागरिकगण, व्यापारीगण, जनप्रतिनिधिगण के अलावा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि शामिल हुए और एक दूसरे को गुलाल लगाया। इस बीच सड़कें गुलाल से रंगीन हो गई पर सफाई सैनिकों की तत्परता से रंग यात्रा के तुरंत बाद ही मार्ग पूर्व की तरह चमचमाती नजर आने लगी। यह कमाल नगर निगम के सफाई संरक्षकों ने कर दिखाया, जिसके लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने उन्हें विशेष शुभकामनाएं दी है।महापौर श्री अन्नू ने रंगपंचमी पर्व पर संस्कारधानी के समस्त नागरिकों के साथ-साथ नगर निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों को भी बधाई देते हुए कहा है कि आज अवकाश दिवस पर भी शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर रही इसके लिये हमारे सफाई सैनिक साधुवाद के पात्र हैं।

# दोस्तों ने ही दोस्त के सिर में पटक दिया पत्थर

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया थाना अंतर्गत दोस्तों ने ही पीड़ित दोस्त के साथ पार्टी बनाई और फिर गालीगलौच कर उसके सिर में पत्थर से हमला कर सिर खोल दिया। इतना ही नहीं पीड़िता को लहूलुहान छोड़कर आरोपी भाग खड़े हुए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार रिठौरा निवासी चिक्कू कोल 30 ने बताया कि क्षेत्र के ही आरोपी नरेश कोल और कल्लू कुमार ने उससे गालीगलौच की।

रोजगार प्रशिक्षण
क्या आप रोजगार चाहते हैं
आईये ! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें
कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है
register nline@
https://www.grow.org.in
90099-85689

## जिले भर में रही रंगपंचमी की धूम, गली-चौराहों पर तैनात रहा भारी पुलिस बल

# एक दूसरे पर रंग बरसाकर मनायी रंगपंचमी



*नरसिंहपुर यभाप्र। धुरेड़ी पर्व के बाद रंग पंचमी का त्यौहार जिले भर में रविवार को उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही बच्चों, बड़ों की टोलियां एक दूसरे पर रंग बरसाने के लिए नगर की सड़कों पर निकल चुकी थी और एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया और शुभकामनायें दी। होली के पांचवें दिन रंगपंचमी मनाई जाती है पिछले कई वर्षो से क्षेत्र में होली की अपेक्षा रंगपंचमी पर ज्यादा रंग होता है और इस वर्ष भी रविवार का दिन रंगों से भरा रहा। जहां-तहां लोग एक दूसरे को रंग लगाते हुए नजर आये। युवा की टोली ढोलबाजे के साथ रंग खेलकर त्यौहार का लुत्फ उठाते नजर आये। त्यौहार पर कोई अप्रिय घटना न हो और त्यौहार शांतिपूर्वक आपसी भाईचारे के साथ निकल जाये इस हेतु कानून व्यवस्था बनाये रखने पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा काफी इंतजाम किये हुये थे, नगर के हर चौराहे पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। जिले के शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी रंगपंचमी की धूम रही।*

### हुआ फागों का आयोजन, जमकर उठाया आनंद

नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी रंगपंचमी की काफी धूम रही। यहां भी युवाओं, बच्चों की टोलियां एक दूसरे पर रंग बरसाने के लिए सुबह से रंगों से लैस होकर निकल पड़ी थी। जिसने ना खेला रंग उसका जीवन ही बेरंग है। जिले में रंग पंचमी का अपना अलग ही मजा रहता है। राह से निकलने वाले भी रंग से बच नही सके। रंगपंचमी के दिन कोई बहाना नहीं चलता। जो सामने आ गया उसे रंगों से रंग दिया। घरों से निकालकर रंग लगाने से भी गुरेज नहीं किया जाता। रंगपंचमी के दिन शहर भर में एक ही आवाज सुनाई देती है पकड़ों, रंगों अब साथ में चलों। एक बार रंग लगा देने के बाद टोली में शामिल लोग किसी को छोड़ देगें यह सोचना अपने बेकार है। सड़क, गली, कमरे के अंदर, छत पर जो जहां मिला उसे वही पकड़कर रंग से लाल पीला कर दिया।

### यहां छुपा है लगाओं रंग

रंगपंचमी में रंगों से खेलने के लिए विशेष अधिकार होता है। टोलियों में शामिल मित्र जब किसी के घर जाते है तो परिवार के सदस्य भी किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करते। अनेक परिवार तो ऐसे भी दिखें गए कि उनका लड़का या लड़की कहा छुपा है वह खुद ही बता देते है। रंगपंचमी पर कोई रोक टोक नहीं होती। बच्चें हो या युवा सभी रंगों के उल्लास में खोए रहते है। आमतौर पर महिलाओं को अपने चहरे को लेकर काफी चिंता रहती है। लेकिन रंगपंचमी के दिन यह चिंता हवा हो जाती है। महिलाएं समूह में वार्ड में निकलती है जो सामने आ गया उसके ऊपर रंग की बाल्टी डाल दी। महिलाएं जब होली खेलती है तो रास्ते अपने आप खाली हो जाते है। एक बार महिलाओं की होली शुरु हो जाए फिर वह तब तक चलती है। जब तक सभी महिलाओं को रंग न लग जाए। छापामार तरीके से खेली जाने वाली इस होली का अपना ही मजा है।

रंग के माहौल से यू तो हर कोई रंगना चाहता है लेकिन कुछ ऐसे भी है जो अपने को छुपते छिपाते है। कुछ ने जबलपुर जाने का बहाना बनाया तो किसी ने अपने आप को छिपाया। वहीं महिलायें भी इस पर्व को मनाने में पीछे नहीं रही। कालोनी की महिलाओ ने सामूहिक रूप से होली का आनंद लिया। एक दूसरे पर जमकर गुलाल उडाया व एक दूसरे को रंग डाला व एक दूसरे को शुभकामनाये दी। करेली में धुरेड़ी से ज्यादा रंग पंचमी की धूम रहती है। इस दिन का महिलाये, बच्चे, बुजुर्ग सभी जमकर लुफ्त उठाते है। वही पुलिस की तैनाती भी मुस्तैदी से रही

### रंग-गुलाल खेलकर मनाई पंचमी

यूं तो नगर में होली के पांचों दिन ही होली का खुमार बरकरार रहता है, लेकिन रंगपंचमी के दिन सारा नगर ही रंग गुलाल की बौछारों से सराबोर रहा। यहां युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों पर झूमते नजर आए। वहीं नन्हें-मुन्हें बच्चों ने जमकर हुड़दंग की। रंगपंचमी के अवसर राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी के निवास पर फागों का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास के ग्रामीणों क्षेत्र से आए लोगों ने फागें गाई। साथ ही सुबह से ही नगर सहित आसपास के गांवों के लोग श्री सोनी के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें गुलाल लगाकर होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी। रंगपंचमी के दिन लोगों ने अपने बड़ों से पैर छूकर आशीर्वाद लिया तो मित्रों ने आपस में गले मिलकर इस त्योहार को मनाया। वहीं अनेक लोगों ने रंगों का उपयोग न कर तिलक गुलाल लगाकर रंगपंचमी मनाई। रंगपंचमी के दिन शोक संतृप्त लोगों के यहां लोगों का सुबह से आना.जाना लगा रहा। इस अवसर पर लोगों ने गुलाल लगाकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

### राष्ट्रीय जागृति मंच नरसिंहपुर टीम द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया होली मिलन

जिलाध्यक्ष वन्दना कोरी की अध्यक्षता और प्रदेशाध्यक्ष विवेक पांडे, प्रदेश मंत्री सुनन्दा भट्ट, संरक्षक सरला पांडे के मुख्य आतिथ्य में होटल अमर पैलेस में शानदार कार्यक्रम हुआ। योग रोग निवारण की संचालिका श्रीमतीं सुनीता राजपूत एवं शालिनीं छीपा का पगड़ी पहनाकर समाज के लिए किए जा रहे उनके अतुल्नीय योगदान के लिए सम्मान किया गया। पूर्णिमा शुक्ला और सपना शर्मा की सरस्वती वंदना, पूर्णिमा शुक्ला का हास्य फाग और सपना शर्मा और सविता महोबिया के नृत्य ने कार्यक्रम में एक समा भर दिया गया। हंसी और ठहाकों से भरे इस कार्यक्रम का संचालन नीरा बुधौलिया एवं नन्दिता चौबे द्वारा किया गया। श्रीमती विवेक पांडे ने अपने उद्‌बोधन में महिलाओं को हर चुनोति का सामना कर आगे बढ़ने, सुनन्दा भट्ट ने अपने अधिकारों का उपयोग करने और वन्दना कोरी ने महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम होने पर जोर दिया। सुनीता राजपूत ने योग द्वारा स्वस्थ रहने के गुणों पर जोर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिए गए टाइटिल रहे। श्रीमतीं शलिनी दुबे, नीरा, नन्दिता, सोनल दुबे एवं रक्षा पालीवाल ने संगीतमय आकर्षक टाइटिल दिए तो मंजुलता पांडे ने बुंदेलखंडी में प्रस्तुति दे कर कार्यक्रम को हास्य मनोरंजक कर दिया। अंत में सचिव नीरा बुधौलिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में प्रवीणा गोस्वामी, ममता मिश्रा, पूनम जैन, ज्योत्ति पचौरी, संचिता दुबे, सुमन शर्मा, मीना शर्मा, सुनीता शर्मा, भारती रघुवंशी, प्रतीक्षा वर्मा, संगीता बेदी, अपर्णा अग्रवाल, अंजली साहू, सुरुचि साहू, स्मिता श्रीवास, रजनी त्रिपाठी, रेनु नौरिया की सहभागिता सराहनीय रही।



### वैश्य महासम्मेलन ने मनाया रँगपंचमी पर्व

गोटेगांव, यशभारत। सामाजिक, धार्मिक, रचनात्मक, आयोजनों को, सक्रियता के साथ आयोजित करने वाली वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश महिला इकाई गोटेगांव द्वारा रंग पंचमी का पर्व मीना अग्रवाल के निवास पर धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर आर्या एवं गोरी राधा कृष्ण की झांकी का अभिनय बहुत सुंदर तरीके से किया, लाल पीली सफेद विभिन्न रंगों की फूलों की होली के साथ ही गीत संगीत के साथ सभी ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए, हर्ष उल्लास के गीत गाए, साथ ही हरा नीला पीला गुलाबी गुलाल उड़ा कर एवं एक दूसरे को लगाकर होली एवं रंग पंचमी की शुभकामनाएं प्रेषित की, इस अवसर पर मंजू सोनी, रश्मि खरया रजनी अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, लवी मुखरैया, दिव्या खरया, प्रिया चौरसिया, कल्पना अग्रवाल, महिमा केसरवानी, शर्मीली केसरवानी, मोनिका अग्रवाल, राखी अग्रवाल, मंजू गुप्ता, सोनम सिंघवी, छाया केसरवानी आदि की साथियों सहित उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# जिला आंदोलन की आग में सुलगता सिहोरा

### सिहोरा जिला आंदोलन का लगातार 75 वाँ धरना

सिहोरा, यशभारत। पिछले डेढ़ वर्ष से सिहोरा को जिला बनाए जाने को लेकर चल रहे आंदोलन ने अब धीरे-धीरे उग्र रूप धारण कर लिया है ।सरकार की लगातार उपेक्षा से आक्रोशित आंदोलन समिति ने रविवार को अपने धरने के 75 वें रविवार आगामी 10 अप्रैल को सिहोरा मझौली ढीमरखेड़ा और बहोरीबंद विकासखंड के साथ मिलकर एक बड़े आंदोलन की घोषणा की है ।ऐसे कयास लगाए जा रहे है कि सिहोरा में एक बार फिर नवंबर 2000 जैसे आंदोलन की पुनरावृत्ति हो सकती है।

*अनदेखी पड़ेगी भारी-* जानकारों का मानना है कि सिहोरा में चल रहा सिहोरा जिला आंदोलन वास्तव में जिस तरह से दिख रहा है वैसा नहीं है। धीरे-धीरे ही सही चल रहे आंदोलन ने संपूर्ण सिहोरा में इस बात का वातावरण बनाया है कि मध्य प्रदेश की सरकार लगातार सिहोरा की उपेक्षा कर रही है ।हाल ही में रीवा जिले के मऊगंज को नया जिला बनाए जाने से सरकार द्वारा सिहोरा की उपेक्षा के आरोप को बल मिला है। अधिकांश लोगों का यह भी मानना है कि मध्य प्रदेश की सरकार लोकतांत्रिक तरीके से चल रहे धरना प्रदर्शन को हल्के से ले रही है।



*चारों विकासखंडों में किया संपर्क-* लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों ने अपने घोषित 10 अप्रैल के आंदोलन की तैयारी को मूर्त रूप देना प्रारंभ कर दिया है ।समिति के सदस्यों ने ढीमरखेड़ा,सिलोंडी, पान उमरिया मझौली और संपूर्ण सिहोरा के समस्त ग्राम पंचायतों का दौरा कर लोगों में सिहोरा के मान सम्मान की भावना जगाने का भरसक प्रयास किया है ।समिति के सदस्यों का मानना है कि जिस तरह से उन्हें समर्थन मिल रहा है सिहोरा में 10 अप्रैल को ऐतिहासिक आंदोलन होगा और सरकार को सिहोरा को जिला लागू करना ही पड़ेगा ।इससे पूर्व नवंबर 2000 में भी सिहोरा जिला बनाए जाने की मांग को लेकर चल रहा शांतिपूर्ण आंदोलन ने उग्र रूप ले लिया था ।इस आंदोलन में जहाँ पुलिस बल को भी? को काबू करने लाठी चार्ज करना प?ा था वही सिहोरा में व्यापारियों ने एक हफ्ते से ज्यादा बंद किया था और तब 2001 में सिहोरा जिला की घोषणा हुई थी।

*भाजपाई प? अकेले-* नाम न छापने की शर्त पर एक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ने यश भारत को बताया कि आज संपूर्ण सिहोरा में सिहोरा जिला के लिए अनुकूल वातावरण बना है ।भाजपा भी सदैव सिहोरा जिला के पक्ष में रही है परंतु वर्तमान भाजपा संगठन और विधायक सिहोरा का मूकदर्शक बने रहना भाजपा की सिहोरा विकास के प्रति विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है ।यदि सिहोरा विधायक का सिहोरा जिला के विषय मे यही रवैया रहा तो आने वाले समय मे पार्टी को भारी नुकसान होता दिख रहा है। इससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में सिहोरा भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं का एक बहुत बड़ा वर्ग सिहोरा जिला के लिए प्रत्यक्ष रूप से सामने आ सकता है। वैसे ये देखना दिलचस्प होगा कि आमजनों के एक वर्ग के द्वारा गैर राजनैतिक रूप से चलाया जा रहा जिला आंदोलन किस मुकाम तक पहुँचता है।

### शासकीय महाविद्यालय मै स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

**बरगी यशभारत।** आज बरगी में शासकीय महाविद्यालय बरगी में वार्षिक स्नेह सम्मेलन हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ , कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरगी विद्यायक संजय यादव , जन भागीदारी समीति के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, प्राचार्य पदमा माहेश्वरी , मालती कमला पटेल , संतोष मंजू चौकसे, द्रोपती नारायण केवट लता शर्मा ,आरती साहू, अनंत प्रजापति, संतोष दीक्षित की विशिष्ट उपस्थिति में माँ सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया ।तत्पश्चात विधायक संजय यादव ने बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चो को आर्शीवचन प्रदान किया उसके बाद में छात्र छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति प्रदान की ,उससे पूर्व महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती कुजूर, दास स व सभी व्याख्याताओ का अभूतपूर्व सहयोग रहा ।



# चहुं ओर रही रंगपंचमी की धूम

*जबलपुर, यशभारत। रविवार को शहर भर में रंगपंचमी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया और सभी संस्कारधानी के लोग सतरंगी रंगों के बीच मिलते जुलते और एक दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं देते नजर आए। नगर में समारोहों की धूम रही जहां गुलाल उड़ा, फूलों की होली खेली गई । सभी वर्ग के लोग रंगों में डूबे नजर आए। शहरवासियों ने फाग उत्सव के गीत गाए।*



## मिलकर खेली फूलों की होली

अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिलि जबलपुर द्वारा होलीमिलन कार्यक्रम अग्रवाल बारात घर में जिला अध्यक्ष मदन मोहन नेमा की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि द्वय आई वी एफ़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व संभाग के अध्यक्ष राजेश गुप्ता एवं प्रदेश महामंत्री अरुण नीखरा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यकम में संभागीय महिला अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा ददरिया, जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती गोमती गुप्ता, जिला युवा अध्यक्ष समर्थ अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति गुप्ता ,जिला महामंत्री अरविंद गेंडा , मंत्री कृष्ण कांत खंडेलवाल महिला मंत्री डॉ श्रीमती सरिता साहू , मीडिया प्रभारी प्रवीण अग्रहरि,वैश्य घटकों के सम्माननीय पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति रहीं, मनोरंजन कार्यक्रम में बच्चों द्वारा राधाकृष्ण रासलीला व मनोरंजक गेम खेले गये।




### रंगो एवं फूलों की होली

संस्कारधानी श्री अयोध्यावासी वैश्य महिला समिति के द्वारा जिला अध्यक्ष महिला सारिका गुप्ता की अध्यक्षता में होली मिलन कार्यक्रम भंवरताल गार्डन में संपन्न हुआ जिसमें समाज की लगभग 75 महिलाओं ने हिस्सा लिया। हाउजी के लिए रंगो एवं फूलों की होली खेल कर यह कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में श्रीमती सुधा गुप्ता आभा गुप्ता भावना गुप्ता ज्योति गुप्ता आरती गुप्ता सहित सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया



### नर्मदा क्रांति नारी सेवा समिति होली मिलन समारोह

लाडली बहना की योजना मध्य प्रदेश सरकार ने जो हम सभी मातृ शक्तियों को लाभ दिलाया है उसी की खुशी में नर्मदा क्रांति नारी सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह के तहत सभी महिलाओं ने रंग पंचमी में होली मिलन समारोह में इस उत्साह और उमंग के साथ रंग पंचमी का त्यौहार मनाया और हम सभी की तरफ से मध्यप्रदेश सरकार को धन्यवाद। कार्यक्रम में मातृशक्ति नर्मदा क्रांति की बहनें अनघा पटेल अलका राजपूत पूजा पटेल वर्षा केवट अंजलि केवट अंजलि सेन ज्योत्सना सिंह ठाकुर अंचल पटेल काजल जी संस्था की लगभग 100 से भी अधिक महिलाओं ने इस कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया



## खमरिया में मनाया होली मिलन और चैता का कार्यक्रम

जबलपुर यशभारत ।विविधता में एकता का प्रतीक होली के उपलक्ष्य में बिहार और पूर्वांचल उतर प्रदेश की संस्कृतिक छटा खमरिया में देखने को मिली। झिरिया शिव मन्दिर खमरिया में फॉग के साथ साथ चेता का आयोजन किया



गया। जिसमें ओएफके महाप्रबंधक अशोक कुमार अपर महाप्रबंधक आर के गुप्ता संयुक्त महाप्रबंधक आनंद सिंह डीजीएम रतन प्रकाश शुक्ला की उपस्थिति विशेष रही ।संस्था के सचिव अनिल गुप्ता ने बताया कोविड के बाद यह पहला मौका था जिसमें बिहार उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर फाग गीतों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। संस्था के अध्यक्ष संतोष सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनने पर आभार प्रगट किया कोषाध्यक्ष संतोष चोधरी राकेश रंजन आनंद शर्मा सतेंद्र सिंह बी बी ओझा मुकेश सिंह अजय चौहान हरि ओम पाठक राकेश जैसवाल सुरेश यादव अशोक सिंह लाल बहादुर राय हरीश राय विजय सिंह शशि शेखर आर्या मनोज सिंह सुधांशु राकेश पासवान मनोज पासवान पंकज वर्मा प्रमोद दास आशीष सिह रवीश रंजन प्रमोद यादव संगम यादव मुकेश कुमार प्रभात रंजन सुकेश दुबे राजीव रंजन राय संतोष सिंह कन्हाई गौतम कुमार साहिल आदि उपस्थित थे

## श्री गहोई महिला क्लव का आयोजन

श्री गहोई महिला क्लब के तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम होटल युवराज इन विजय नगर, जबलपुर में बड़े ही धूमधाम व उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब की अध्यक्षा श्रीमती पुष्पा ददरया द्वारा भगवान सूर्यदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। सभी ने राधाकृष्ण के साथ होली के गीतों के साथ फूलों की होली खेली। कृष्ण की भूमिका में रूपाली कुचया एवं राधा की भूमिका प्रगति खैरा ने की। कार्यक्रम का संचालन गुंजन मातेले ने किया एवं आभार प्रदर्शन अनिता सुहाने द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनने में उमा बहरे, गीता सोनी, पुष्पा नीखारा, दर्शना, साधना नीखरा, सीमा मोदी, रागिनी इंदुरख्या, आरती नौगरैया, अलका सार्व, अनुकंपा, आशा बड़ेरिया, डॉ. कल्पना बड़ेरिया, दुर्गा सरावगी, संध्या बहरे, संध्या रूसिया, आशा बड़ेरिया, रश्मि सुहाने आदि का विशेष योगदान रह



### मेहरा(झारिया)समाज संगठन ने

*बरेला ,यशभारत। रंग पंचमी के पावन पर्व पर झारिया समाज संगठन बरेला ने सामुदायिक भवन रंग मंच मेला ग्राउंड(कुटी) कार्यालय में समाज के बंधुओं ने रंगों के त्योहार रंग पंचमी पर एकत्रित होकर होली मिलन समारोह का आयोजन कर ब? धूमधाम से मनाया ।इस अवसर पर विशेष आमंत्रित मेहरा(झारिया)समाज संगठन बरगी,बरेला, जबलपुर के अध्यक्ष शंभूप्रसाद झारिया, सचिव मनोज झारिया, कोषाध्यक्ष औजीलाल झारिया, बरेला से रमेश झारिया, सुरेश झारिया, तेजी लाल झारिया, सुखदेव झारिया, विपिन झारिया, मुकेश झारिया, मुन्ना झारिया, डुमारी झारिया, प्रेमलाल झारिया, रामसेवक झारिया, नरेश झारिया, संदीप झारिया, अज्जू झारिया, सतीश झारिया, दुर्गा झारिया, होती झारिया, दिलीप झारिया, बल्लू झारिया,राजेश झारिया आदि सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।




### खिलाडियों द्वारा होली खेली गई



खेल रख रखाव समिति, राईट टाउन स्टेडियम परिवार द्वारा होली का रंगारंग कार्यक्रम राईट टाउन स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें स्टेडियम के सीनियर, जूनियर खिलाडियों के अलावा कोच एवं मार्निंग वॉकर ने हिस्सा लिया। समिति अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा अनुसार यह कार्यक्रम पिछले 19 साल से मनाया जा रहा है। लजीज व्यंजनों ठंडाई, गुलाल धमाल आर्केस्ट्रा के साथ सभी लोग हर्ष उल्लास के साथ एक दूसरे को शुभकामनायें एवं बधाई दी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व महापौर प्रभात साहू, अखिलेश जैन, शरद जैन पूर्व विधायक, विधायक विनय सक्सेना, आलोक चंसोरिया एवं अन्य गणमान्य नागरिकों का पुष्पेन्द्र यादव (गुड्डू), संतोष विश्वकर्मा द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र पचौरी, पी. देशमुख, शरद चंद्र पालन, वेद प्रकाश शर्मा, डॉ. हितेश अग्रवाल, डॉ. राजेन्द्र अग्रवाल, प्रमोद पटेल, राजेन्द्र पांडे, मुरली सुंदरानी, अजीत कैथवास, राजीव तिवारी, संदीप अग्रवाल, पार्षद अमरीश मिश्रा, अमित जैन, डॉ. पांसे, डॉ. ब्रजेश चौधरी, कु. कृपा यादव, कु. श्वेता दुबे, राजेश पहलवान, अमर विश्वकर्मा, राहुल नामदेव, मनीष पांडे, डॉ. संजय नेमा, मन्नू पहलवान, सुरेन्द्र यादव, विनोद विश्वकर्मा, बंटी विश्वकर्मा, अजय तिवारी, एड. रामनारायण गुप्ता, राज वर्मा, विकास दुबे, सिंबाल विश्वकर्मा, अरविंद खरे, बंटू अवस्थी, सुरेश अग्रवाल, राजेन्द्र पांडे, राजू भाई, बाबू भाई, मनोज तिवारी, डॉ. अखिलेश नेमा, शरद सिमैया, राजेश जैन कल्लू, नीरज वर्मा, राजेश ताम्रकार आदि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

## केंट बोर्ड चुनाव 2023

# चुनाव जीतने के बाद झांकने तक नहीं आते नेता

**वार्ड क्रमांक 1 और 2 का यशभारत सर्वे**





जबलपुर, यशभारत। केंट बोर्ड में अप्रैल माह में चुनाव होने जा रहे हैं लेकिन माहौल अभी से गर्मा गया है। एक तरफ जहां प्रत्याशियों का अलग गणित है तो वहीं जमीनी नागरिक मौजूदा पार्षदों के कार्यों से खफा नजर आ रहे हैं। यशभारत द्वारा किए जा रहे सर्वे की कड़ी केंट के वार्ड नंबर 1 और 2 में जा पहुंची। जहां पर स्थानीय लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं यशभारत के सामने रखीं। जहां नेताओं का कहना है समस्याएं खत्म तो नहीं हो सकती। वार्ड एक के रहवासी जहां चोक नाली, गंदगी से परेशान है तो वहीं वार्ड नम्बर 2 के रहवासी क्षेत्रीय पार्षद की अनदेखी से परेशान हैं। एपीआर कॉलोनी कटंगा के पास टीवी टावर संजय गांधी नगर के वार्ड क्रमांक 1 में जब यशभारत पहुंचा तो वहां के रहवासियों ने अपने-अपने अंदाज में समस्याएं बताईं। यहां की स्थिति यह है कि चुनाव जीतने के बाद नेता वहां झांकने तक नहीं गए और नालियां गंदगी से बजबजा रहीं हैं। तो वहीं वार्ड नंबर 2, बगीचा नंबर 98 में लोगों का मानना है कि वे 75 साल पुराना कानून अभी भी झेल रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद चुनाव जीतने के बाद उनके यहां कभी नहीं आए।



### वार्ड क्रमांक 1



जमाने भर की गंदगी बहकर हम लोगों के घरों के पास बनी नाली में जमा होती है। कोई जिम्मेदार नहीं आता। हम लोग खुद ही फिर नालियां साफ करते हैं।

**मुन्नी बाई, स्थानीय नागरिक।**



पार्षद अमरचंद्र बावरिया रोड से निकल जाते हैं लेकिन कभी हम लोगों का जिस गली में घर है वहां अंदर कभी नहीं आते। नालियों की गंदगी से मेरा परिवार परेशान है।

**माया पासी, स्थानीय नागरिक**



महीनों से नालियों की सफाई नहीं हुई है। चुनाव के समय बस सब आ जाते हैं बाकी जीतने के बाद अब कोई यहां हम लोगों को देखने नहीं मिलता।

**प्रेमवती पासी, स्थानीय नागरिक।**

मैंने विकास के हर संभव अपनी तरफ से अपने क्षेत्र में कराए हैं। सड़कों से लेकर नालियां तक बनवाईं हैं। समस्याएं कभी खत्म नहीं होती हैं लेकिन फिर भी क्षेत्र की जनता का मैने विश्वास जीता है। क्षेत्र की जनता क्यों ऐसा बोल रही है ये मेरी समझ से परे है।

**अमरचंद्र बावरिया, क्षेत्रीय पार्षद वार्ड नंबर 1**

### वार्ड क्रमांक 2



हमारे वार्ड में अनाप शनाप टैक्स बढ़ाया जा रहा है। कृषकों को उनकी जमीन से बेदखल किया जा रहा है।

**रितेश तिवारी, स्थानीय नागरिक**



सरकारी नल एक भी नहीं है। बोरिंग का पानी पीने मजबूर हैं। पार्षद चुनाव जीतने के बाद हमारे यहां झांकने तक नहीं आए।

**विनोद कोरी, स्थानीय नागरिक।**



क्षेत्र की न तो नालियां बनीं हैं और न ही यहां पार्षद कभी आते हैं। हम लोगों के घर की छत की टीन अगर गिर जाए तो हम केंट कानून के चलते उसे सुधार भी नहीं सकते हैं।

**राजेश जैसवाल, स्थानीय रहवासी।**

#### पार्षद को जनता से मतलब नहीं

वार्ड नम्बर 2 की पार्षद वीणा मोहन अग्रवाल क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं दिखी। कई बार उनसे संपर्क करना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो सका। क्षेत्रीय जनता भी पार्षद के इस बर्ताव से परेशान है। पूरे क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है, पर सुनने वाला कोई नहीं है।

# मझौली में सरपंच के पिता को गोलियों से भूना, मौत ,4 घायल

## चुनावी रंजिश को लेकर लुहारी गांव में हुआ विवाद

**जबलपुर, यशभारत। मझौली के लुहारी गांव में रंगपंचमी के मौके पर चुनावी रंजिश को लेकर सरपंच के पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना में 4 अन्य लोग घायल हुए है। पुलिस ने घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचकर प्रकरण को जांच लेते हुए शव को पीएम के लिए भेजा है।**



जानकारी के अनुसार लुहारी सरपंच राहुल यादव अपने पिता 58 वर्षीय कंचन यादव से रंग पंचमी का त्यौहार मनाकर कार से लौट रहे थे। बीच रास्ते में गांव के पूर्व सरपंच गुड्डू चौहान, भाई सन्नद सिंह चौहान और उसके साथियों ने सरपंच राहुल यादव की गाड़ी रोककर पुरानी रंजिश पर विवाद करने लगे। कार में बैठे अनुरोद्ध सिंह , राजा चौहान, राहुल यादव, रघुराज यादव, रितिक यादव ने विरोध किया तो पूर्व सरपंच और उसके भाईयों ने सभी को कार से उताकर जमकर मारपीट की। इसके बाद सन्नद सिंह चौहान ने बंदूक निकालकर सरपंच और उसके पिता पर फायर कर दिया जिसमें एक गोली सरपंच पिता कंचन यादव को लगी और वह मौके पर ही ढेर हो गए।

### हत्या के बाद हवाई फायर कर निकले आरोपी

बताया जा रहा है कि सरपंच पिता की हत्या करने के बाद गड्डू यादव, सन्नद यादव और उसके साथियों हवा में फायर करते हुए निकले। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी गांव पहुंचे और घर से सामान लेकर फरार हो गए।

### आरोपियों का सरकार की 52 एकड़ जमीन पर था कब्जा

बताया जा रहा है कि पूर्व सरपंच गड्डू चौहान और उसके रिश्तेदारों ने 52 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा जमाया हुआ था। लंबे समय से जमीन पर कब्जा होने के बाद राहुल यादव जब सरपंच बने और जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया तब से पूर्व सरपंच और उसके भाई रंजिश रखे हुए थे। इसी विवाद को लेकर रात 11 बजे गुड्डू और उसके भाईयों ने सरपंच और पिता पर जान लेवा हमला करते हुए पिता की गोली मारकर हत्या कर दी।

# दानपेटी का लॉक तोड़ा, हजारों रुपये लेकर चोर हुए रफूचक्कर, घटना सीसीटीवी में कैद



**रांझी के हनुमान मंदिर का टूटा ताला, घटना से क्षेत्र में आक्रोश , पुलिस जांच जारी**

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी थाना अंतर्गत सर्रापीपर स्थित हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने दानपेटी से हजारों रुपये उड़ा लिए और आराम से चलते बने। सुबह जब लोग भगवान की पूजन अर्चन करने पहुंचे तो मेन गेट का टूटा हुआ ताला देखकर दंग रह गए। यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते मंदिर में श्रद्धालु भक्तों का जमावड़ा लग गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला कायम कर, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सर्रापीपर स्थित हनुमान मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। जहां भक्तों का तांता लगा ही रहता है। पुलिस को स्थानीय रहवासी भल्लू रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि वह जब सुबह मंदिर दर्शन करने पहुंचा तो देखा कि गेट का ताला टूटा हुआ पड़ा है और दानपेटी का ताला टूटा है, जिसमें जमा दान के करीब पंद्रह हजार रुपये गायब है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश है।

### सीसीटीवी में कैद घटना

पुलिस की मानें तो चोरी की हुई वारदात के कुछ फुटेज आदि मिले है। मामले का जल्द खुलासा हो जाएगा। पुलिस क्षेत्र के बदमाशों, चोरों और निगरानी शुदा आरोपियों की अब कुंडली खंगाल रही है।

# पुलिस को देखकर चाकूबाज ने लगा दी दौड़

**घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा**

**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल के शंकर चौक में पुलिस को देखकर एक बदमाश चाकूबाज ने दौड़ लगा दी। यह नजारा देखकर लोग ठिठक गए और अचरज में पड़ गए। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने आरोपी को दबोचकर बटनदार चाकू जब्त कर लिया है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि शंकर चौक में एक युवक चाकू चमका कर क्षेत्र में दहशत फैला रहा है। जिसके बाद टीम गठित कर पुलिस जब आरोपी के पास पहुंची तो उसने पुलिस को देखते ही दौड़ लगा दी। जिसके बाद पुलिस ने शिवम चतुर्वेदी पिता मूरत चतुर्वेदी 20 साल को दबोच लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

# टेंशन में हूं मैं....कहकर खोल दिया युवक का सिर

**ईंट से किया हमला , एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर, यशभारत।** थाना अधारताल अंतर्गत मेन रोड पर बैठे एक युवक से गालीगलौच कर बदमाश ने वहीं पड़ी ईंट से सिर में हमला कर लहूलुहान कर दिया और चलता बना। जाते-जाते बदमाश ने इतना ही कहा कि वह टेंशन में है...क्या करता । पीड़ित ने बताया कि वह आरोपी को पहचानता भी नहीं है...बहरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सुनील नायक 38 वर्ष निवासी यशवंतनगर कटरा ने बताया कि वह सिंग कम्पनी में मजदूरी करता है । जब वह मैन रोड बैंक के सामने बैठा था तभी एक अज्ञात युवक आया और गाली गलौज करने लगा। उसने गालियां देने से मना किया तो वहीं पड़ा ईटा उठाकर सिर में मारकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।















### प्रथम पुण्य तिथि



स्व. भारत लाल साहू

**स्व. भारत लाल साहू** की पुण्य तिथि कल दिनांक **14/03/2023 दिन मंगलवार** को कुण्डेश्वर धाम कुण्डम में संकीर्तन एवं भण्डारे का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सादर आमंत्रित है।

**निवेदक**

**श्रीमती मिथलेश (भावना साहू) एवं समस्त साहू बखरी परिवार कुण्डम**

**(समयः दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक)**















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन ( 0761 ) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )